समाचार

गोधन न्याय योजना पशुपालकों के लिए बनी वरदान—महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने एस.एल.आर.एम.सेंटर दर्री में गोधन न्याय योजनांतर्गत किया गोबर खरीदी केन्द्र का शुभारंभ)

कोरबा 11 सितम्बर 2020 —महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजना गोधन न्याय योजना किसानों व पशुपालकों के लिए वरदान बन रही है, पशुपालक गोबर का विक्रय कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन, गोठानों के निर्माण आदि के लिए विशेष रूचि दिखा रहे हैं, जो किसानों—पशुपालकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर के समीप गोबर खरीदी केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत गोकुलनगर गोठान स्थित गोबर खरीदी केन्द्र में की जा रही गोबर खरीदी के साथ—साथ दर्री में भी गोबर खरीदी केन्द्र का शुभारंभ कराया गया है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त गोबर खरीदी केन्द्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की गोधन न्याय योजना पूरे देश में अपनी तरह की पहली योजना है, सम्पूर्ण देश में इस योजना की प्रशंसा की जा रही है, गोधन न्याय योजना से पशुधन का पालन करने वाले पशुपालकों से 02 रूपये प्रति किलो की दर से सरकार गोबर खरीद रही है, इससे पशुपालकों को खेती, किसानी से प्राप्त आय के अलावा अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। उन्होने कहा कि गोबर खरीदी के बाद इससे वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाई जा रही है, जो खेती एवं बागवानी के लिए अत्यंत लाभदायक है तथा इस खाद से फसल का उत्पादन दोगुना बढ़ जाता है, जिसका सीधा लाभ भी किसानों को मिलेगा। उन्होने आगे कहा कि गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूचि दिखा रहे हैं, उनके विशेष मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08

जोन में गोबर खरीदी केन्द्र शीघ्र संचालित होंगे तथा इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि हम सब जनप्रतिनिधियों का भी यह प्रथम दायित्व बनता है कि हम इस योजना की जानकारी लोगों तक लगातार पहुंचाते रहे, ताकि अधिक से अधिक पशुपालक इस योजना से लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने पंजीकृत पशुपालकों को हितग्राही खाताबुक का भी वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

एस.एल.आर.एम. सेंटर का किया निरीक्षण– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दर्री स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर के आंतरिक एवं बाहरी परिसर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के माध्यम से लाये गए गीले व सूखे कचरे के उचित प्रबंधन एवं एस.एल.आर.एम.सेंटर के दैनिक क्रियाकलापों का सघन रूप से जायजा लेते हुए उन्होने सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से आवश्यक चर्चा की, साथ ही सेंटर के बेहतर रखरखाव व संचालन के लिए स्वच्छता दीदियों के कार्यो की सराहना की।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, रोपा तिर्की, मस्तुल सिंह कंवर, पार्षद अरूण वर्मा, प्रेमचंद पाण्डेय, दर्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर जैन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रेखा त्रिपाठी, जोन कमिश्नर अरूण कुमार शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, सहायक अभियंता योगेश राठौर, यशवंत जोगी, सुनील द्विवेदी, अनिल राम, सतानंद द्विवेदी, ढेलूराम देवांगन, सत्यप्रकाश राठौर, गीता तोमर, राधेश्याम राठौर, गौरव मिश्रा, डी.एन.द्विवेदी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।